N.S.S. H.D. JAIN
COLLEGE, ARRAH
BIHAR
BIHAR

N.S.S. H.D. JAIN
COLLEGE
कर करो सही चुनाव ॥

मतदान करने के लिए ली शपथ, बनायी पेंटिंग

मतदान के लिए शपथ ग्रहण लेते प्रोफेसर व छात्र-छात्राएं.

आरा. एचडी जैन कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर पेंटिंग बनायी गयी. वहीं, मतदान के लिए शपथ ग्रहण किया गया. इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार ओझा ने कहा कि मतदान लोकतांत्रिक देश का स्तंभ रहा है, इससे देश मजबूत बनता है. वहीं, एनएसएस पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने कहा कि आज कोरोना की स्थिति में चुनाव को सफल बनाना चुनौती बन चुका है. इसे सभी मिलकर खासकर युवा की सहभागिता से जीत सकते हैं. उन्होंने कहा कि जो छात्र-छात्राएं गांव में रहते हैं, वे अपने गांववालों से आग्रह करेंगे की वोट करना बहुत जरूरी है. मतदाता शपथ ग्रहण समारोह में एनएसएस पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, एनसीसी पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, एनसीसी पदाधिकारी डॉ पूर्ति माहौर, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ ललित सागर, डॉ अरविंद कुमार, नजीर अख्तर, संजय चौबे, मालविका तिवारी, मिथिलेश कुमार, डॉ जितेंद्र पाठक, डॉ अभय सिंह, डॉ भारती राय, डॉ शैलेश कुमार सहित कई प्रोफेसर मौजूद हैं. वहीं, स्वयंसेवकों में टीम लीडर पायल सिंह, सनोज कुमार, आर्यन प्रकाश, अंकुश गुप्ता, रितिक ओझा सहित कई उपस्थित थे.

विस चुनाव को लेकर प्रशिक्षण संपन्न : स्थानीय जैन कॉलेज स्थित परिसर में बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के प्रशिक्षण कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. इसमें पार्टीवार प्रशिक्षण दिया गया. इस दौरान कोविड-19 के बचाव के अनुरूप सामाजिक दूरी का पालन करते हुए प्रशिक्षण कराया गया. इसमें सभी प्रशिक्षु मास्क पहने हुए थे. प्रशिक्षण को सफल संचालन बनाने के लिए सुपर मास्टर ट्रेनर रिजवान अख्तर और शशांक भूषण कुमार का योगदान काफी सराहनीय रहा. प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनरों में सभी प्रशिक्षणार्थियों को मतदान कराने तथा मतदान कराने संबंधी कई जानकारियां दी.